ज्योति सुरेखा वेनम ने तीरंदाजी विश्विकप स्टेप वन-1 प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता

चर्चा में क्यों?

19 अप्रैल, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के उत्तरी क्षेत्र केंद्र, बहालगढ़ (सोनीपत) स्थित एक्सीलेंसी सेंटर की तीरंदाज ज्योति सुरेखा वेनम ने तुर्की के अंताल्या शहर में आयोजित हो रही तीरंदाजी विश्विकप स्टेज वन-1 प्रतियोगिता में एशियाई रिकॉर्ड तोड़ते हुए स्वर्ण पदक जीता है।

प्रमुख बिंदु

- ज्योति सुरेखा वेनम ने स्टेज वन-1 प्रतियोगिता में एशियाई रिकॉर्ड तोड़ते हुए वर्ष 2015 में सारा लोपेज के कोलंबियाई राष्ट्रीय चयन स्पर्धा के दौरान बनाए गए विश्व रिकॉर्ड की बराबरी भी की है।
- भारतीय तीरंदाज ने पहले राउंड में 360 में से 353 और दूसरे राउंड में 360 में से 360 अंक (कुल 713 अंक) के साथ एशियाई रिकॉर्ड बनाया।
- बहालगढ़ स्थित साई की कार्यकारी निदेशक ललिता शर्मा ने बताया कि तुर्की के अंताल्या शहर में 16 से 23 अप्रैल तक तीरंदाजी विश्विकप स्टेज वन-1 प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।
- विश्व चैंपियनशिप 2021 की रजत पदक विजेता ज्योति सुरेखा ने 72 में से 66 बार सटीक निशाना लगाकर दस अंक प्राप्त किये। इसके साथ ही उन्होंने सारा लोपेज के 2015 में कोलंबियाई राष्ट्रीय चयन स्पर्धा के दौरान बनाए गए विश्व रिकॉर्ड स्कोर की बराबरी कर ली है।
- ललिता शर्मा ने बताया कि आंध्र प्रदेश के हैदराबाद की रहने वाली ज्योति सुरेखा वर्ष 2019 से सोनीपत के बहालगढ़ स्थित साई में तीरंदाजी के एक्सीलेंसी सेंटर में अभ्यास कर रही हैं।
- गौरतलब है कि आंध्र प्रदेश की रहने वाली ज्योति सुरेखा हैदराबाद में डीसी हैं। वह पहली तीरंदाज हैं जिन्हें सरकार ने सीधे डीसी के रूप में तैनाती दी थी।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/jyoti-surekha-vennam-wins-gold-medal-in-archery-world-cup-step-1-competition